

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 मार्च, 2024

**प्रिय साथियों,**

अपने प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभालने पर मैं स्वयं को बहुत सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं अपने पूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. विश्नोई जी का उनके कार्यकाल के दौरान समर्पित और पेशेवर नेतृत्व के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हम सभी को उनके द्वारा निर्धारित किए गए उच्च मानकों को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मैं 35 वर्षों से अधिक समय तक एनएचपीसी की सेवा के दौरान, एनएचपीसी में उल्लेखनीय प्रगति का साक्षी रहा हूँ और प्रदान किए गए इस अवसर के लिए मैं कृतज्ञ हूं।

वर्तमान में, एनएचपीसी विद्युत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थिति में है क्योंकि हम 10,000 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण सक्रिय रूप से कर रहे हैं। महत्वाकांक्षी 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना इसका उदाहरण है। हमारे एजेंडे की महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं: 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना और 800 मेगावाट की पार्बती-II जलविद्युत परियोजना पूरी होने वाली हैं। इससे हमारी जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। हालाँकि, मुझे विश्वास है कि हमारी सामूहिक तकनीकी क्षमता, समर्पण और पेशेवर कौशल हमें चुनौतियों से निपटने और भावी लक्ष्यों को पूरा करने में समर्थ बनाएंगी।

इस सौंपे गए नए दायित्व के निर्वहन में आप सभी के साथ कार्य करने के लिए मैं उत्सुक हूं। मैं एनएचपीसी के निरंतर विकास में योगदान देने वाले किसी भी सुझाव या उपाय के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन देता हूं। मैं आप सभी से निरंतर सहयोग और कड़ी मेहनत करने की अपील करता हूं क्योंकि हम सभी सामूहिक रूप से एनएचपीसी को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।

मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है कि एनएचपीसी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 1732 करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश के साथ भारत सरकार की सीपीएसयू योजना के अंतर्गत, चरण- II, ट्रैन्च - III, करणीसर-भाटियान, तहसील पूगल (बीकानेर), राजस्थान में स्थित 300 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र के शिलान्यास समारोह संपन्न होने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इसके अतिरिक्त, मुझे चमेरा-I और सेवा-II पावर स्टेशनों के दौरे के दौरान, माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ हुई सार्थक बैठकों की जानकारी देते हुए खुशी हो रही है। इन बैठकों में एनएचपीसी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित चर्चाएं हुईं। इसके अलावा, 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (सिक्किम) में यूनिट-1 के रोटर को सफलतापूर्वक उतारना और नीमबा, फतेहगढ़, राजस्थान में 380 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की शुरूआत ऐसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं जो एनएचपीसी के विकास की गति में योगदान देती हैं।

मैं एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में 'ज्ञानांकन - द बिजनेस क्विज़' के सफल आयोजन के लिए कार्य करने वाली टीमों को बधाई देता हूं और श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) के मार्गदर्शन में की गई इस सराहनीय पहल के लिए मानव संसाधन विभाग की सराहना करता हूं।

इस माह में खेल और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियाँ भी प्राप्त हुई है, जो समग्र विकास के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

फरवरी, 2024 के दौरान राजस्व संग्रह 538.03 करोड़ रुपए रहा है। फरवरी, 2024 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 20474.3 मिलयन यूनिट था।

**इस माह की प्रमुख विशेषताएँ हैं:**

- दिनांक 16 फरवरी, 2024 को श्रम, वस्त्र और कौशल विकास संबंधी माननीय स्थायी संसदीय समिति द्वारा सिलीगुड़ी में संविदा श्रमिकों के लिए एनएचपीसी में श्रम कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने संविदा श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं पर विवरण प्रस्तुत किया।
- श्री उत्तम लाल जी के मार्गदर्शन में, एनएचपीसी द्वारा भाषाई विविधता और संगठनात्मक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए 01 से 03 फरवरी, 2024 को पुरी, ओडिशा में राजभाषा सम्मेलन/संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी के रंगित, चमेरा-II और तीस्ता-V पावर स्टेशनों द्वारा फरवरी, 2024 में मुफ्त चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय आबादी को लाभ हुआ और सुदृढ़ सामुदायिक संबंधों को बढ़ावा मिला।
- एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर श्री एस. दक्षन ने दिनांक 2 फरवरी, 2024 को चेन्नई, तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दौरान तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- डॉ. पिंकी कुमारी रॉय, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पार्बती-II परियोजना ने 23 फरवरी, 2024 को योनेक्स सनराइज हिमाचल प्रदेश मास्टर्स स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-'24 में "महिला युगल स्पर्धा में स्वर्ण" और "महिला एकल स्पर्धा में रजत" पदक जीता।
- श्री आशीष कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), निगम मुख्यालय ने पुणे, महाराष्ट्र में दिनांक 13 से 17 फरवरी, 2024 के दौरान आयोजित 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में पोल वॉल्ट और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक और 400 मीटर बाधा दौड़ और 4 x 100 मीटर रिले में कांस्य पदक हासिल किया।
- युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) को सम्मानित किया।
- दिनांक 21-23 फरवरी, 2024 को हरिद्वार, उत्तराखंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प 2024 मेगा प्रदर्शनी में एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जो विविध आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहा।

इस माह हम होली का त्योहार मनाने वाले हैं। मैं आपको तथा आपके परिवार के सदस्यों को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। रंगों का यह त्योहार आपके जीवन में खुशी, समृद्धि और रंग भरे पल लाए।

आपका,

राजेन्द्र गोयल

**(आर.पी.गोयल)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**